कार्यालय, लोक शिक्षण संचालनालय,
संभाग – भोपाल,
, मध्यप्रदेश

(मान्यता नवीनीकरण प्रमाण पत्र)

क्रमांक/CERT11823/2021/622129 — VIDISHA, दिनांक : 12-04-2022

प्रति,

DOLPHIN THE SCHOOL OF WISDOM HIGH SCHOOL, BARETH ROAD, GANJBASODA, VIDISHA

**विषय – मान्यता नवीनीकरण प्रमाण पत्र जारी करने विषयक**

**मध्यप्रदेश माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला मान्यता नियम 2017 के नियम (4) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आपके आवेदन पत्र क्र. 622129 दिनांक 27-03को प्रस्तुत की गयी जानकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिला VIDISHA के द्वारा किये गए परीक्षण के आधार पर हाई स्कूल (HS)स्कूलों की मान्यता का नवीनीकरण किया जाता है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-**

| | |
|---|---|
| **शाला का नाम :** | **DOLPHIN THE SCHOOL OF WISDOM HIGH SCHOOL, BARETH ROAD, GANJBASODA, VIDISHA** |
| **शाला का DISE कोड :** | **23310128385** |
| **शाला का प्रकार :** | **हाई स्कूल (HS)** |
| **माध्यम :** | **English** |
| **वैधता सत्र :** | **2024-25** |

1. स्कूल उन्ही कक्षाओं व् संकायों में प्रवेश दे सकेगा, जिनके लिए उन्हें मान्यता दी गई है |
2. सक्षम अधिकारी द्वारा मान्यता या उसके विस्तार संबंधी जारी प्रमाण – पत्र प्राचार्य कक्ष में प्रदर्शित किया जायेगा |
3. स्कूल में कार्यरत प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधि में सम्मिलित नहीं होंगे और स्कूल द्वारा छात्रों को किन्ही भी राजनैतिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं किया जायेगा |
4. स्कूल, कार्यकरण के लिए आवश्यक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लेखे और अन्य ऐसे समुचित अभिलेखों का संधारण करेगा | विभाग के अधिकारी आकस्मिक रूप से कभी भी इन अभिलेखों का निरीक्षण कर सकेंगे |
5. स्कूल में अध्ययनरत छात्रों के पालकों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु "पालक -शिक्षक संघ" का गठन किया जावेगा |
6. स्कूल, श्रेष्ठ अकादमिक गुणवत्ता के मापदण्ड प्राप्त करने हेतु सतत प्रयास करेगा | प्रत्येक तीन वर्ष की अवधि में समस्त शिक्षकों को उनके सम्बंधित विषय में कम से कम एक बार प्रशिक्षित किया जायेगा |
7. सम्यक निरीक्षण के पश्चात् एक बार मान्यता प्रदान कर दिए जाने पर सोसायटी /ट्रस्ट,मान्यता के समय दावाकृत किन्ही भी मापदण्डों को परिवर्तित नहीं करेगा|स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी किसी भी समय स्कूल परिसर का निरीक्षण कर सकते हैं |यदि निरीक्षण के समय यह पाया जाता है कि सोसायटी /ट्रस्ट किन्ही मापदण्डों का पालन नहीं कर रहा है तो संभागीय संयुक्त संचालक को नियम 11 के उपनियम(1)में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए स्कूल की मान्यता निलंबित करने और पश्चातवर्ती इसे वापस लेने की शक्ति होगी |
8. यदि नियम 5 और 9 के अधीन विहित मानकों,शर्तों और उत्तरदायित्वों तथा समय–समय पर जारी निर्देशों एवं मार्गदर्शन का प्रथम दृष्ट्या पालन नहीं किया जा रहा है तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को जाँच के आधार पर स्कूल की मान्यता निलंबित करने की शक्ति होगी |
9. कारण बताओ सूचना पर जारी किए जाने की दशा में यदि सोसायटी /ट्रस्ट से प्राप्त उत्तर से संभागीय संयुक्त संचालक का समाधान नही होता है तो वह सम्बंधित को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् स्कूल की मान्यता उसके कारण विनिर्दिष्ट करते हुए रद्द कर सकेगा |
10. मान्यता के प्रत्याहरण होने पर,प्रस्तुत की गई सुरक्षा निधि को पूर्णतः या अंशतः,जैसा कि आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाए,सम्पहृत हो जाएगी |
11. माध्यमिक शिक्षा मंडल से सम्बद्धता प्राप्त करना अनिवार्य होगा |

Validity unknown Validity unknown
Digitally Signed ... gh Tomar
(Personal)
Date : 12-Apr-2022 ... IST

Principal
DOLPHIN
Ganj Basoda (M.P.)

**संभागीय संयुक्त संचालक,लोक शिक्षण,**
**संभाग-भोपाल,**
**मध्यप्रदेश**

## प्रारूप 2 (नियम 11(4) देखिए)

आवेदन क्रमांक/स्कूल क्रमांक : 142171/ 25701

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (विदिशा ), मध्यप्रदेश

स्कूल: Dolphin The School of Wisdom    मान्यता का प्रकार - नवीनीकरण मान्यता / नवीन मान्यता    मान्यता दिनांक - 21/05/2022

सत्र - 2022-23

प्रति,

प्रबंधक (Dolphin The School of Wisdom)

विषय : निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकारी अधिनियम,2009 की धारा 18 के प्रयोजन के लिए निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम, 2010 के नियम 11 के उपनियम (4) के अधीन स्कूल मान्यता प्रमाण पत्र ।

महोदय / महोदया,

आपके आवेदन पत्र दिनांक **15/02/2022** तथा इस संबंध में स्कूल से पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार / निरक्षण के सन्दर्भ में, मैं आपकी स्कूल - **Dolphin The School of Wisdom** डाइस कोड - **23310128385** स्कूल क्रमांक - **PS 25701** को कक्षा **प्री प्राइमरी-नर्सरी** से **आठवीं** तक के लिए दिनांक **01/04/2022** से **31/03/2025** तक कालावधि के लिए मान्यता प्रदान करता हूँ।

उपरोक्त स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति के अध्यधीन होगी :-

- मान्यता विस्तारित नही होगी तथा कक्षा 8 से आगे की मान्यता/ संबंद्दता की कोई बाध्यता किसी भी रुप मे विवक्षित नही होगी
- स्कूल निःशिल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (उपबंध 1) तथा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम (उपबंध2 ) के उपबंधों का पालन करेंगा।
- स्कूल, अपने पड़ोसी की सीमा के वंचित समूह तथा कमजोर वर्ग के बालकों को कक्षा 1 में न्यूनतम 25 प्रतिशत प्रवेश देगा। उस दशा में, स्कूल यदि सहायता प्राप्त स्कूल है तो इसमें प्रवेशित बालकों को उस अनुपात मे निःशुल्क और अनिवार्य प्रारम्भिक शिक्षा देगा जिस रूप में उसके वार्षिक आवर्ती व्यय को पूरा करने हेतु इस प्रकार वार्षिक आवर्ती सहायता या अनुदान प्राप्त होता है किन्तु यह न्यूनतम पच्चीस प्रतिशत के अधीन होगा बशर्ते कि जहां स्कूल पूर्व स्कूल (प्री स्कूल) शिक्षा दी जाती है वहाँ अधिनियम कीधारा 12 की उपधारा (1) के खंड (क) से (ग) के उपबंध प्री-स्कूल में प्रवेश के लिए लागू होंगे ।
- पैरा 3 में निर्दिष्ट बालकों के लिए स्कूल को अधिनियम की धारा 12(2) के अनुसार व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी तथा एसी प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए स्कूल को पृथक से बैंक खाता उपलब्ध कराना होगा ।
- सोसाइटी/स्कूल कोई भी कैपिटेशन फीस क संग्रह नही करेगा तथा बालक या उसके पालक या अभिभावक के साथ किसी छानबीन प्रक्रिया को नही अपनाएगा ।
- स्कूल किसी भी बालक को प्रवेश देने से इंकार नही करेंगा -
  - (क) आयु के सबूत के आभाव में ;
  - (ख) यदि प्रवेश के लिए विहित की गई विस्तारित कालावधि के पश्चयात ऐसा प्रवेश चाहा गया है;
  - (ग) धर्म, जाति या मूलवंश, जन्मस्थान या इनमें से किसी भी आधार पर |
- स्कूल सुनिश्चित करेगा कि -
  - किसी स्कूल मे प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण होने तक किसी भी बालक को किसी कक्षा में रोका या निष्कासित नहीं किया जाएगा
  - किसी बालक को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित नही किया जाएगा;
  - प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण होने तक बालक को कोई बोर्ड परीक्षा उत्तीण करने कि आवश्यकता नहीं होगी ;
  - नियम 19 के अधीन प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने वाले प्रत्येक बालक को प्रमाण पत्र दिया जाएगा;
  - अधिनियम के उपबंधो के अनुसार नि:शक्त/विशेष आवश्यकता वाले बालकों को समाहित किया जाएगा
  - अधिनियम कि धारा 23(1) कि अधीन निर्धारित न्यूनतम योग्यता अनुसार शिक्षको कि भर्ती कि जाएगी; बशर्ते कि वर्तमान में कार्यरत जो शिक्षक इस अधिनियम के प्रारम्भ होने पर न्यूनतम आर्हता नहीं रखते है, उन्हे अधिनियम के प्रारम्भ होने के दिनांक से 5 वर्ष कि अवधि में निर्धारित न्यूनतम आर्हता प्राप्त करनी होगी
  - शिक्षकों को अधिनियम कि धारा 24(1) के आधीन विनीरदृष्ट कर्तव्यों का पालन करना होगा
  - प्रायवेट टीचिंग कि गतिविधियों मे शिक्षक स्वयं भाग नही लेंगे/लेंगी
- स्कूल समुचित प्राधिकारी द्वारा निर्धारित पाठ्यचर्या का अनुसरण करेगा
- अधिनियम कि धारा 19 में विहित किए अनुसार स्कूल में उपलब्ध सुविधा के अनुपात में स्कूल में बच्चों का नामांकन किया जाएगा
- स्कूल द्वारा अधिनियम कि धारा 19 मे विनिदृष्ट स्कूल के मानक एवं मापदण्ड बनाए रखे जाएंगे | अंतिम निरीक्षण के समय स्कूल में उपलब्ध सुविधाएं निम्नानुसार पाई गई :-

Digitally signed by Atul Kumar Moudgil
Date: 2022.05.21 18:16:17 +05:30
Reason: RTE school recognition
Location: BHOPAL

Principal
DOLPHIN
Ganj Basoda (M.P.)

स्कूल का विवरण

| स्कूल | डाइस कोड | शैक्षणिक सत्र | जिला | क्षेत्र का प्रकार | विकास खण्ड(ब्लॉक) | ग्राम / वार्ड | पिन कोड | पुलिस थाना | रेखांश | अक्षांश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Dolphin The School of Wisdom | 23310128385 | 17 | विदिशा | शहरी | BASODA | Ward No.8 | 464221 | थाना बासोदा | 23.8516423 | 77.9354506 |

स्कूल की सामान्य जानकारी

| | |
|---|---|
| स्कूल प्रारंभ होने की तिथि | 01/07/2004 |
| क्या स्कूल किसी सोसाइटी/न्यास/संगठन द्वारा संचालित है? | हाँ |
| सोसाइटी/न्यास/संगठन का नाम | Kriyasheel Pragati Parishad, Ganj Basoda, Distt-Vidisha |
| सोसाइटी/न्यास/संगठन का पंजीयन क्रमांक | 5836/26.08.77 |
| स्वामी का नाम | |
| स्कूल के प्रबंधक/ अध्यक्ष/ सभापति का नाम | Ramesh Kumar Sharma |
| पदनाम | Secretary |
| मोबाइल | 7000512238 |
| ई-मेल | dolphinschoolbsd@gmail.com |
| कार्यालय का पता | Navankur Bhawan, Bareth Road, Ganj BasodaDistt-Vidisha |
| कार्यालय का दूरभाष | 7594222644 |

स्कूल की प्रकृति

| | |
|---|---|
| शिक्षण का माध्यम | अंग्रेजी |
| मान्यता हेतु स्कूल का प्रकार | सहशिक्षा |
| क्या स्कूल आवासीय है? | नहीं |
| क्या स्कूल केवल दिव्यांग बच्चो हेतु संचालित है? | नहीं |
| क्या स्कूल को अल्पसंख्यक होने का प्रमाण पत्र जारी किया गया है? | नहीं |
| प्रवेश की प्रारंभिक कक्षा | प्री प्राइमरी-नर्सरी |
| प्रारंभिक कक्षा मे प्रवेश की न्यूनतम आयु | 3 |
| स्कूल की अंतिम कक्षा | आठवीं |
| क्या स्कूल को शासन / स्थानीय प्राधिकारी अनुदान प्राप्त है? | नहीं |
| क्या स्कूल मान्यता प्राप्त है? | हाँ |
| प्राधिकारी का नाम | District Education Officer, Vidisha |
| मान्यता क्रमांक | 31202307 |
| डाइस कोड(DISE) | |
| क्या स्कूल राज्य सरकार/ केंद्र सरकार / स्थानीय प्राधिकारी से नि:शुल्क अथवा रिआयती दर पर किसी भूमि, भवन, उपकरण अथवा अन्य सुविधाएं प्राप्त होने के कारण निश्चित संख्या मे बलकों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने हेतु बाध्य है? | नहीं |

Principal
DOLPHIN
Ganj Basoda (M.P.)